**FROM No.III**

**फर्द अहकाम**

**(नियम 26)**

अदालत सहायक कलक्टर (SDO) बायतु मुकाम ........................

रुघाराम बनाम भानाराम वगैरा

किस्म मुकदमा राजस्व 88, 188 नं. 54 सन् 2020

Rt Act

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 1.6.2020 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री खेताराम जाखड़ ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी/भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 8/6/2020 को पेश हो। (हस्ताक्षर) सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 08/06/2020 | वादी वकील उपस्थित। प्रतिवादीगण को सम्मन तामिल हेतु तामिल अप्राप्त। इन्तजार होकर पत्रावली दिनांक 24/06/2020 को पेश हो। (हस्ताक्षर) सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | |
| 24/06/2020 | वादी वकील उपस्थित। प्रतिवादी संख्या-1 की ओर से वकील श्री नरपत पूनड़ द्वारा वकालातनामा मय इकबालिया जवाबदावा पेश किया गया। व वादी वकील द्वारा वादी साक्ष्य के रूप में pw-1- रुघाराम पुत्र श्री भानाराम जाति-जाट निवासी-चुतराणियों की ढाणी (माडपुरा बरवाला) तहसील-बायतु व pw-2- पातुराम पुत्र श्री [illegible] जाति-जाट निवासी- चुतराणियों की ढाणी (माडपुरा बरवाला) तह०-बायतु तथा प्रतिवादी वकील [illegible] (हस्ताक्षर) सहायक कलक्टर (SDO) बायतु | (हस्ताक्षर) |

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.25 13:18:14 IST
Reason: SelfAttested

साक्ष्य के रूप में DW-1- ज्ञानाराम पुत्र श्री हिम्मताराम जाति- जाट निवासी- चुतराणियों की ढाणी (भाडखा बरवाला) तहसील- बायतु व DW-2- पाबुराम पुत्र वीरमाराम जाति- जाट निवासी- चुतराणियों की ढाणी तहसील- बायतु जिला- बाड़मेर के शपथ-पत्र पेश किये गये जिसे शामिल पत्रावली किया गया। वादी व प्रतिवादी वकील और साक्ष्य पेश नहीं करना चाहते है। वादी व प्रतिवादी साक्ष्य बन्द किये जाते है। दोनों पक्षों के अधिवक्ता की बहस सुनी गई वादी का वाद स्वीकार किया जाकर निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। अंतिम डिग्री पर्चा जारी होकर पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।

(हस्ताक्षर)
सहायक कलक्टर
(SDO) बायतु

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.25 13:18:14 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

**(पीठासीन अधिकारी विवेक व्यास R.A.S.)**

राजस्व वाद संख्या– 54 / 2020

| **वादीगण** | **बनाम** | **प्रतिवादीगण** |
|---|---|---|
| 1. रूघाराम पुत्र कानाराम<br>2. हरिसिंह पुत्र कानाराम<br>जातियान्–जाट,<br>निवासीयान्–चुतराणियों की ढाणी,<br>माडपुरा बरवाला, तहसील–बायतु,<br>जिला–बाड़मेर | | 1. कानाराम पुत्र हिमताराम<br>जाति– जाट,<br>निवासीयान्–चुतराणियों की ढाणी,<br>माडपुरा बरवाला, तहसील–बायतु,<br>जिला–बाड़मेर |

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955.

उपस्थित :– 1. श्री खेताराम जाखड़ वकील वादीगण

–: निर्णय :– दिनांक : 24.6.2020

संक्षेप में वाद कथन इस प्रकार हैं कि वादीगण ने यह राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के विरूद्ध प्रतिवादीगण प्रस्तुत कर यह निवेदन किया कि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पैतृक कब्जाशुदा खातेदारी की भूमि मौजा चुतराणियों की ढाणी पटवार मण्डल माडपुरा बरवाला तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 566 / 431, 570 / 464, 578 / 509, 674 / 570, 675 / 570 रकबा क्रमशः 3.7861, 4.5223, 3.3169, 1.1892, 0.1052 हेक्टेयर आई हुई है। वादीगण व प्रतिवादी एक ही पूर्वज हिमताराम के वंशज है तथा प्रतिवादी वादीगण के पिता है। वादग्रस्त भूमि वक़्त सेटलमेंट से वादीगण के दादा के कब्जे काश्त की थी तथा सेटलमेन्ट के समय वादीगण के दादा के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ व सेटलमेंट से लेकर आज दिन तक वादग्रस्त भूमि पर वादीगण व प्रतिवादी का संयुक्त रूप से कब्जा काश्त है। इस प्रकार वादग्रस्त भूमि वादीगण की पैतृक भूमि है और वादीगण अपने पैतृक भूमि में हिन्दू उतराधिकारी है और हिन्दू उतराधिकार अधिनियम के तहत वादीगण का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा है तथा वादीगण अपने हिस्से अनुसार भूमि का बाहामी बंटवाड़ा कर काबिज है। क्योंकि हिन्दू उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 के अनुसार हिन्दू पुरूश के पुत्र, पौत्र एवं प्रपौत्र का विधि अनुसार जन्म से ही सहदायिकी अर्थात पैतृक सम्पति में अधिकार प्राप्त हो जाता है। अतः वादग्रस्त भूमि में वादीगण को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है एवं जिस हेतु घोषणा का वाद इस न्यायालय में पेश किया गया है।

पक्षकारान् को सुना गया एवं वादीगण द्वारा साक्ष्य शपथ पत्र व स्वतंत्र गवाह पेश किये गये तथा प्रतिवादी द्वारा उपस्थित होकर, इकबाली जवाब लिखित में पेश कर, वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के समस्त पदों को स्वीकार करते हुए, वादग्रस्त भूमि में वादीगण को सहखातेदार घोषित करने की पूर्ण सहमति प्रदान की है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.25 13:18:14 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय द्वारा पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया तथा प्रतिवादी का इकबाली जवाब शामिल पत्रावली कर, वादीगण एवं प्रतिवादी को सुना गया। चूंकि वादग्रस्त भूमि वक्त सेटलमेंट से वादीगण के दादा के कब्जे काश्त की थी एवं सेटलमेन्ट के समय वादीगण के दादा के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ था तथा वादीगण हिमताराम के विधिक वारिसान् है तथा हिन्दू उतराधिकार अधिनियम के तहत वादीगण का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा बनता है व वादग्रस्त समस्त भूमि में वादीगण सहखातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है।

अतः वादीगण द्वारा प्रस्तुत किया गया वाद–पत्र स्वीकार कर, अन्तिम डिक्री इस आशय की जारी की जाती है कि मौजा चुतराणियों की ढाणी पटवार मण्डल माडपुरा बरवाला तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 566/431, 570/464, 578/509, 674/570, 675/570 रकबा क्रमशः 3.7861, 4.5223, 3.3169, 1.1892, 0.1052 हेक्टेयर में वादीगण को प्रतिवादी के साथ सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा जारी हो। खर्चा पक्षकारान् अपना–अपना वहन करें।

विवेक व्यास

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

निर्णय आज दिनांक 24.6.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

विवेक व्यास

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.25 13:18:14 IST
Reason: SelfAttested

# अन्तिम डिक्री

(आदेश 20 के नियम 6 और 7)

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास R.A.S.

**वादीगण** **बनाम** **प्रतिवादीगण**

1. रूघाराम पुत्र कानाराम
2. हरिसिंह पुत्र कानाराम

जातियान्–जाट,
निवासीयान्–चुतराणियों की ढाणी,
माडपुरा बरवाला, तहसील–बायतु,
जिला–बाड़मेर

1. कानाराम पुत्र हिमताराम

जाति– जाट,
निवासीयान्–चुतराणियों की ढाणी,
माडपुरा बरवाला, तहसील–बायतु,
जिला–बाड़मेर

**दावा बाबत 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955**

राजस्व वाद संख्या–54/2020. **निर्णय दिनांक :–**

वादी की ओर से वकील श्री खेताराम जाखड़ की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख ................ को न्यायालय में (नाम पीठासीन अधिकारी) विवेक व्यास, सहायक कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी बायतु के समक्ष अन्तिम निर्णय किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि :–

वादीगण का वाद स्वीकार किया जाकर मौजा चुतराणियों की ढाणी पटवार मण्डल माडपुरा बरवाला तहसील बायतु के खेत खसरा नम्बर 566/431, 570/464, 578/509, 674/570, 675/570 रकबा क्रमशः 3.7861, 4.5223, 3.3169, 1.1892, 0.1052 हेक्टेयर में वादीगण को प्रतिवादी के साथ सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तहसीलदार बायतु निर्णयानुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करें।

खर्चा वाद पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

यह आज तारीख 24.6.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

(विवेक व्यास)
**सहायक कलक्टर एवं**
**उपखण्ड अधिकारी, बायतु**

## वाद के खर्चे

| वादी | | प्रतिवादी | |
|---|---|---|---|
| | रुपया | | रुपया |
| 1. वाद पत्र के लिए स्टाम्प<br>2. शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>3. प्रदर्शों के लिए स्टाम्प<br>4. ............ रुपये पर प्लीडर की फीस<br>5. साक्षियों के लिए निर्वाह–व्यय<br>6. कमिश्नर की फीस<br>7. आदेशिका की तामिल | | शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>अर्जी के लिए स्टाम्प<br>प्लीडर की फीस<br>साक्षियों के लिए निर्वाह व्यय<br>आदेशिका की तामील<br>कमिश्नर की फीस | |
| जोड़ | | जोड़ | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.12.25 13:18:14 IST
Reason: SelfAttested